तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 36.4° | 24.3° |
| इंदौर | 38.3° | 24.1° |
| जबलपुर | 38.4° | 25.3° |
| ग्वालियर | 39.2° | 25.0° |

दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 150, पृष्ठ 12)
**सोमवार 29 अप्रैल 2024**
राजधानी संस्करण
**कीमत: 3:00 रुपये**





**राजधानी...** मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बुजुर्गों...


**खेल...** जडेजा ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा काम...



**व्यापार...** डाटा सेंटर बिजनेस के लिए अदाणीकॉनेक्स ने...


**देश-विदेश...** ब्रिज से कूदकर जान देना चाहते थे जो वाइडन...


www.naiduniaonline.com

# आजादी के दूसरे दिन ही प्रभु श्रीराम का मंदिर बन जाना चाहिए था: मोदी

**बेलगावी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे के एक बयान से पूरे देश में हंगामा हो रहा है। शहजादे का कहना है कि हजारों वर्षों से राजा-महाराजा अत्याचारी थे, देश को लूट लेते थे। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नष्ट किया है।**

पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक सहित पूरे देश का इतिहास है, जहां नवाबों ने, सुल्तानों ने, घोर अत्याचार किए। ऐसे सुल्तानों ने हमारे मंदिरों को, हमारे तीर्थों को लूटा, उन्हें तबाह किया। लेकिन, शहजादे ने नवाबों और सुल्तानों को क्लीन चिट दे दी है और सभी राजाओं-महाराजाओं को अत्याचारी घोषित कर दिया। कांग्रेस के शहजादे कह रहे हैं कि अगर वो सत्ता में आए तो पूरे देश का एक्सरे करेंगे। आपके घर, खेत, लॉकर का एक्सरे होगा। वो ढूंढ के निकालेंगे कि किसके पास क्या है और ज्यादा वो हड़प कर लेंगे। उनका जो वोट बैंक है, उनको बांट देंगे। माता और बहनों के पवित्र मंगलसूत्र पर नजर लगाए हुए हैं। मोदी ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरे और आपके पूर्वजों ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के लिए 500 साल तक लड़ाई लड़ी। ये छोटा कालखंड नहीं है। लाखों लोग मौत के घाट उतार दिए गए। देश आजाद होने के दूसरे ही दिन प्रभु श्रीराम का मंदिर बनाने का निर्णय होना चाहिए था। लेकिन, उन्होंने नहीं किया। ऐसा काम करने के लिए 56 इंच का सीना लगता है। तब, जाकर 500 साल का सपना, 500 साल का इंतजार समाप्त होता है। लेकिन, ये तब होता है, जब आपके वोट की ताकत मिलती है।

उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बना है, ये देखकर आपको गर्व महसूस होता है ना, इस पुण्य के हकदार आप लोग हैं,



जिन्होंने वोट देकर मजबूत सरकार बनाई है। देश में वोट बैंक की राजनीति कितनी विनाशकारी बन गई है, 500 साल के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से देश के कोटि-कोटि जन ने दान देकर के प्रभु श्रीराम का मंदिर बनाया है। ये भगवान राम का मंदिर सरकारी खजाने और टैक्सपेयर के पैसों से नहीं बना है। ये हिंदुस्तान के राम भक्तों की जेब के निकले हुए पैसों से बना है। उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। परमात्मा ने मोदी को आपकी सेवा के लिए ही पैदा किया है और आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। ये मेरी गारंटी है आपको, मेरा पल-पल आपके नाम, मेरा पल-पल आपके बच्चों के भविष्य के नाम, मेरा पल-पल आपके सपनों को साकार करने के नाम, मेरा पल-पल देश और देशवासियों के नाम, इसलिए मैं आपको गारंटी देता हूं, 24/7 और 2047। मोदी ने कहा कि आपके आशीर्वाद ने ही 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा-एनडीए की मजबूत सरकार देश में बनाई। हमने देश के विकास के साथ ही स्थानीय अभिव्यक्तियों को पूरा करने के लिए भी पूरी ईमानदारी से काम **(शेष पेज 2 पर)**

## संपत्ति लूटने की योजना बना रही है कांग्रेस

**दावणगेरे (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के दावणगेरे में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि 26 अप्रैल को हुए मतदान ने कांग्रेस पार्टी को परेशान कर दिया है। अब, यह पार्टी 7 मई को कम से कम खाता खोलने की व्यर्थ कोशिश में है। उन्होंने कहा, पूरी कांग्रेस इस कोशिश में लगी है कि 7 मई को कुछ तो ऐसा हो ताकि कम से कम एक खाता तो खुल जाए। उनके लिए इस बार दिल्ली में खाता खुलने की संभावना खत्म हो गई है। दावणगेरे का ये विशाल जनसमर्थन यह बता रहा है कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को उसके पापों की सज़ा देकर रहेगी। पीएम मोदी ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी के अलग-अलग गुटों में चल रही अंदरूनी लड़ाई सड़कों पर आ जाएगी। सभी गुट एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ते नजर आएंगे। ईवीएम के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा, ये पहले जब भी हार जाते थे तो ईवीएम को टोपी पहना देते थे। वो दिन-रात चुनाव आते ही ईवीएम की माला जपते रहते थे। अब परसों सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा चांटा मारा है कि वे असमंजस में हैं कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सांत्वना देने के लिए क्या कहेंगे। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस पार्टी ने अपनी हार के बाद क्या बयान देना है, उसके ड्राफ्टिंग **(शेष पेज 2 पर)**

कांग्रेस-सपा पर शाह का तीखा हमला

# राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा में न जाने वालों ने ही कारसेवकों पर चलाई गोली

**एटा-कासगंज (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राम मंदिर मुद्दे को लटकाए रखने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि जनता को कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी एससी-एसटी (अनुसूचित जाति-जनजाति) वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न हटाएगी और न किसी को हटाने देगी और यह मोदी की गारंटी है। अमित शाह ने यह बात उत्तर प्रदेश के एटा-कासगंज से भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह के समर्थन में एक सार्वजनिक रैली में कही। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अखिलेश यादव, राहुल गांधी, आपको प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था या नहीं? सोनिया गांधी,



मल्लिकार्जुन खड़गे, डिंपल यादव को निमंत्रण मिला, लेकिन वो नहीं गए। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गए, वे जानते हैं कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलाई थी। शाह ने कहा कि कांग्रेस, राहुल गांधी और अखिलेश यादव की पार्टी (समाजवादी पार्टी) ने राम मंदिर मुद्दे को 70 साल से अधिक समय तक लटकाए रखा. आपने पीएम मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने राम मंदिर का उद्घाटन किया। गृहमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने पिछड़े समुदाय के लोगों की अनदेखी की, जिन्हें प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने उनके अधिकार दिए । उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि अगर बीजेपी को 400 सीटें मिलेंगी, तो आरक्षण खत्म कर देंगे. लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमारे पास दो बार पूर्ण बहुमत था, लेकिन नरेंद्र मोदी आरक्षण के समर्थक हैं. अमित शाह ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि यह मोदी की गारंटी है कि बीजेपी न तो आरक्षण हटाएगी न ही किसी को हटाने देगी। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में लौटती है तो मुफ्त राशन योजना 2029 तक जारी रहेगी। उन्होंने कथित तौर पर केवल अपने परिवार के सदस्यों को मैदान में उतारने के लिए समाजवादी पार्टी प्रमुख यादव पर भी निशाना साधा। सभा में शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। शाह ने कहा, दो खेमे हैं, एक खेमा राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों का है और दूसरा खेमा राम मंदिर बनवाने वालों का। भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी, राहुल बाबा और अखिलेश यादव की पार्टियों ने 70-70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा, भटका कर रखा। यूपी वालों आप लोगों ने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और मोदी जी ने पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करके जयश्रीराम कर दिया। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण मिलने पर भी समारोह में न जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा निमंत्रण राहुल गांधी, सोनिया गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव को भी दिया गया मगर कोई वहां नहीं गया। शाह ने कहा कि यह आपको तय करना है कि कारसेवकों पर गोली चलवाने वाली समाजवादी पार्टी को वोट देना है या राम मंदिर बनाने के लिए अपनी सरकारें कुर्बान करने वाली भाजपा और **(शेष पेज 2 पर)**

## खास-खबरें

### महादेव बेटिंग ऐप मामले में साहिल गिरफ्तार

**मुंबई (एजेंसी)।** महादेव बेटिंग ऐप मामले में अब तक कई फिल्मी सितारों के जुड़ने का मामला सामने आ चुका है और अब इस सूची में अभिनेता साहिल खान का नाम भी शुमार हो गया है। मुंबई के माटुंगा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बॉम्बे उच्च न्यायालय से साहिल को अग्रिम जमानत नही मिला और गिरफ्तारी से बचने के लिए साहिल मुंबई छोड़कर फरार हो गया था। करीब 40 घंटे पीछा करने पर पुलिस ने साहिल को आखिर पकड़ लिया। साहिल बार-बार अपना लोकेशन बदलता रहा था। सालिह को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से गिरफ्तार किया गया है जहां से उसे मुंबई ले लाया जा रहा है। महादेव सट्टेबाजी एप मामले में उन्हें मुंबई पुलिस एसआईटी ने हिरासत में लिया है।

### महल से निकलकर गरीबी देखें शहजादे : कंगना

**किन्नौर (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने इशारों ही इशारों में राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। किन्नौर में जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि जैसे हम शहजादों को देखते हैं। वैसे ही एक शहजादे दिल्ली में हैं। बहुत बड़े माता-पिता की संतान हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम देखते हैं कि उत्तर प्रदेश के इनके साथ एक और शहजादे हैं। दिल्ली और यूपी के जैसे हिमाचल प्रदेश में भी एक शहजादे हैं।

# ममता ऐसी सरकार चाहती हैं जो आतंकवाद के खिलाफ नरम रुख अपनाए : नड्डा

**मुर्शिदाबाद (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी केंद्र में ऐसी सरकार चाहती हैं जो आतंकवाद को लेकर नरम रुख अपनाए।**



नड्डा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार, जबरन वसूली, तुष्टीकरण और भेदभाव के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि हम मजबूत सरकार' चाहते हैं लेकिन ममता बनर्जी मजबूर सरकार चाहती हैं। हम तुष्टीकरण की उनकी राजनीति के खिलाफ हैं जो घुसपैठियों का समर्थन करती है, उनकी सरकार को आतंकवादियों से सहानुभूति है। उन्होंने संदेशखालि संबंधी घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में ममता बनर्जी के शासन में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। संदेशखालि में तृणमूल के नेता रहे शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने और जमीन हड़पने के आरोप है। नड्डा ने कहा कि संदेशखाली, ममता बनर्जी की निर्ममता और बर्बरता का संदेश चीख-चीख कर दे रहा है। ममता दीदी ने बंगाल को क्या बना दिया **(शेष पेज 2 पर)**

भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की गारंटी देता है

# कांग्रेस का घोषणापत्र विभाजनकारी: राजनाथ

**अहमदाबाद (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र एक नये और विकसित भारत की ठोस गारंटी है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टीकरण की राजनीति से प्रेरित है।**

सिंह ने कहा कि कांग्रेस अपने लंबे शासनकाल के दौरान गरीबी उन्मूलन में नाकाम रही, जबकि (केंद्र की) नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले आठ-नौ साल में 25 करोड़



लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने दावा किया कि देश को आगे ले जाने के लिए कांग्रेस के पास नेतृत्व, नीति और इरादा नहीं है। भाजपा सरकार भारत को 2027 तक विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) एक नये सामर्थ्यवान और विकसित भारत की ठोस गारंटी है। कांग्रेस का घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टीकरण से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 साल के शासन में हुए भ्रष्टाचार के खेल में कांग्रेस की सबसे बड़ी भूमिका थी। सिंह ने कहा कि कांग्रेस जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के समय से गरीबी उन्मूलन की बात करती रही है, लेकिन 50 साल शासन करने के बाद भी ऐसा करने में नाकाम **(शेष पेज 2 पर)**

# विवाद के बीच भागवत ने आरक्षण का किया समर्थन

**नागपुर (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा



कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है।

यहां एक शैक्षणिक संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि जब से आरक्षण अस्तित्व में आया है, संघ ने संविधान के अनुसार आरक्षण का पूरी तरह समर्थन किया है। आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बाद भागवत ने यह टिप्पणी की है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि आरएसएस-भाजपा आरक्षण का विरोध करते **(शेष पेज 2 पर)**

## मणिपुर में कल होगा पुनर्मतदान

**इंफाल (एजेंसी)।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी।

# भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा : चिदंबरम्

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शेखी बघारने वाला व्यक्ति करार देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा, चाहे प्रधानमंत्री कोई भी हो। उन्होंने कहा कि मोदी भविष्य की एक ऐसी संभावना को अपनी गारंटी बता रहे हैं जो भारतीय बाजार के विशाल आकार को देखते हुए होनी ही है।



पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अपनी जनसंख्या के आकार को देखते हुए यह उपलब्धि हासिल करेगा और इसमें जादू जैसी कोई बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने एक ऐसी समयसीमा बताने से परहेज किया, जिसके भीतर देश वैश्विक रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग 2024 के अनुसार, 4.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत अब केवल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। दुनिया की शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल फ्रांस, इटली, ब्राजील, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश रैंकिंग में भारत से नीचे **(शेष पेज 2 पर)**

# बच्चों को बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ डॉक्टर समेत 7 गिरफ्तार

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने बच्चों को बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की तरफ से बताया गया है कि इस मामले में 2 शिशुओं को गिरोह से छुड़ाया भी गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस गैंग में एक डॉक्टर भी शामिल है। मुंबई पुलिस ने जानकारी दी है कि फर्टिलिटी सेंटरों में काम करने वाली महिलाओं की मदद से यह रैकेट चलाया जा रहा है। जांच में पता चला है कि गिरोह अब तक 14 बच्चों को बेच चुका है।

पुलिस ने महिला दलाल समेत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही गहन पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में वंदना अमित पवार, शीतल गणेश वारे, स्नेहा सूर्यवंशी, नसीमा खान, लता सुरवाडे, शरद देवार और डॉ. शामिल हैं। संजय सोपानराव खंडारे शामिल हैं. पुलिस ने बताया कि यह पाया गया है कि उपरोक्त आरोपियों ने नवजात शिशुओं को अपने दलाल भागीदारों के माध्यम से तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे विभिन्न जिलों और राज्यों में बेचा है।

**स्पेशल खबर** *स्मृति ईरानी ने किया रामलला का दर्शन, बोलीं...*

# धर्म व धैर्य की धरा पर आना पुण्य का फल

**अयोध्या (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री और अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने भगवान रामलला का दर्शन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का भी दर्शन-पूजन किया।**

इस दौरान उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपालदास से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि आज मैं अपने आप को भाग्यशाली समझती हूं कि मैं ऐसे युग में जन्मी हूं, जब



हमारे रामलला टेंट से भव्य मंदिर में आए हैं। मेरे जीवन के संचित पुण्य का फल है कि आज संतों का आशीर्वाद मिला।

उन्होंने कहा कि हमारा मनोबल और आत्मबल बढ़ा है। संतों का आशीर्वाद हमेशा कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

राष्ट्र की प्रगति और वैभव के साथ प्रधानसेवक मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। स्मृति ईरानी ने कहा कि धर्म और धैर्य, निष्ठा और नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम की भव्य भूमि पर आना गौरव का विषय है। रामलला की करुणा हर मन को छू रही हैं। रामभक्तों का सबसे बढ़ा सौभाग्य है कि भगवान रामलला को हम भव्य मंदिर में देख पा रहे हैं।

# दिल्ली में आप के साथ गठबंधन से नाराज लवली का इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश के प्रभारी महासचिव पर मनमानी करने तथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनावी गठबंधन के विरोध में अपने पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि श्री लवली का इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिल गया है लेकिन त्यागपत्र को अभी स्वीकार नहीं किया गया है और उसमें लिखे बिंदुओं पर गौर किया जा रहा है। श्री लवली ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को भेजा है और उनका आभार जताया है कि उन्होंने गत वर्ष अगस्त में उन्हें फिर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व सौंपा था। पत्र में उन्होंने लिखा कि पिछले 7-8 महीने के दौरान उन्होंने दिल्ली के सभी सात लोकसभा संसदीय क्षेत्रों का दौरा किया।